# सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज के एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने किया नुक्कड़ नाटक का मंचन

बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज , लखनऊ के प्राचार्य प्रो. संजय मिश्र के निर्देशन में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) की तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. शिवानी , डॉ. अमित कुमार गुप्ता एवं डॉ. मोहन लाल मौर्य के नेतृत्व में एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा बुधवार, 30 सितम्बर 2026 को लखनऊ के 1090 चौराहे पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दोपहर 2:00 बजे किया गया।

नुक्कड़ नाटक की थीम "विकसित भारत – बदलाव हमसे" के अंतर्गत "विकसित भारत में युवाओं की भूमिका " पर केंद्रित रही। नाटक के माध्यम से युवाओं को देश के विकास में उनकी जिम्मेदारियों , सक्रिय भागीदारी, सामाजिक जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन के वाहक के रूप में प्रस्तुत किया गया। स्वयंसेवकों ने अपने अभिनय एवं संवादों के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया कि विकसित भारत के निर्माण की प्रक्रिया में युवा शक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नाटक में युवाओं को शिक्षा , अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता, जागरूकता, नवाचार, आत्मनिर्भरता तथा राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। प्रस्तुति के दौरान स्वयंसेवकों ने सरल, प्रभावी एवं जनसामान्य से जुड़ी भाषा का प्रयोग करते हुए लोगों को यह समझाने का प्रयास किया कि देश में सकारात्मक बदलाव केवल सरकारी प्रयासों से ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं की सक्रिय सहभागिता से संभव है। 1090 चौराहे जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर आयोजित इस नुक्कड़ नाटक को राहगीरों, स्थानीय नागरिकों एवं अन्य लोगों सहित महाविद्यालय के शिक्षकों एवं एन.एस.एस. की तीनों यूनिट के 60 से अधिक स्वयं सेवकों ने देखा। बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम के प्रति जनरुचि को प्रदर्शित किया। नाटक के दौरान प्रस्तुत संदेशों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया तथा युवाओं को राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

नुक्कड़ नाटक में बी.ए. सेमेस्टर 5 की कृतिका गौतम , बी.ए. सेमेस्टर 3 के शिखर गुप्ता , बी.ए. सेमेस्टर 5 के निशांत सिंह, बी.ए. सेमेस्टर 1 के विकास शर्मा एवं बी.ए. सेमेस्टर 5 के असरफ मंसूरी ने अभिनय किया। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी भूमिकाओं का निर्वहन करते हुए प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के माध्यम से एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने समाज के बीच यह संदेश पहुँचाया कि "विकसित भारत" का लक्ष्य केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के प्रयासों से साकार होने वाला राष्ट्रीय अभियान है और इसमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी परिवर्तन की महत्वपूर्ण आधारशिला है। इस अवसर पर एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की सक्रियता एवं रचनात्मक प्रस्तुति ने महाविद्यालय की सामाजिक सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया। कार्यक्रम ने युवाओं में सामाजिक जागरूकता, नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।


NOT ME BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME





# नुक्कड़ नाटक से दिया सकारात्मक बदलाव का संदेश



नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देते बीएसएनवी पीजी कालेज के विद्यार्थी • कालेज

लखनऊ : बीएसएनवी पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने 1090 चौराहे पर विकसित भारत-बदलाव हमसे थीम पर नुक्कड़ नाटक किया। स्वयंसेवकों ने सरल, प्रभावी एवं जनसामान्य से जुड़ी भाषा का प्रयोग करते हुए लोगों को यह समझाने का प्रयास किया कि देश में सकारात्मक बदलाव केवल सरकारी प्रयासों से ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं की सक्रिय सहभागिता से संभव है। प्राचार्य प्रो. संजय मिश्र के निर्देशन में हुए नाटक में कृतिका गौतम, शिखर गुप्ता, निशांत सिंह, विकास शर्मा और असरफ मंसूरी ने प्रस्तुति दी। वि.